Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding vacant defence land in Sitapur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - laid

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर (उत्तर प्रदेश) की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ। मेरे जनपद सीतापुर में सेना की सैंकड़ों एकड़ भूमि खाली पड़ी हुई है, जिसमें कुछ भूमि हमारे सीतापुर शहर के अन्दर भी आती है, पड़ी हुई खाली भूमि के उपयोग के लिये एवं शहर की सीमा के अन्दर पड़ी हुई खाली भूमि को बाजार भाव पर जनता को देने का पूर्व में अनुरोध किया था, जिस सम्बन्ध में रक्षा मंत्रालय के द्वारा लिखित रूप में यह जवाब दिया गया था कि जल्द ही इस खाली पड़ी हुई भूमि पर सेना की गतिविधि शुरू होगी, परन्तु आज तक इस संबंध में रक्षा मंत्रालय के द्वारा किसी प्रकार की कोई भी गतिविधि नहीं हुई है।

अतः मैं रक्षा मंत्री जी से मांग करता हूँ कि रक्षा मंत्रालय द्वारा किये गये निर्णय का अनुपालन कराने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।